दैनिक
# न्याय साक्षी

## खबरें खास

रायगढ़, बुधवार 12 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 1230.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 अक्टूबर तक 1230.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1455.6 मिली मीटर, पुसौर में 1520.3, खरसिया में 1212.2, सारंगढ़ में 1376.3, बरमकेला में 1092, घरघोड़ा में 951.2, तमनार में 1254.5, लैलूंगा में 1290.3, धरमजयगढ़ में 1178.3, सरिया में 1163.8 एवं छाल में 1045.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में 13 अक्टूबर को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में रीइंडिया टेक्नोलॉजी सर्विस प्रा.लि.जोन नं.1 एफ/01/10/व्यापार विहार बिलासपुर (छ.ग.) में रायगढ़ कार्यक्षेत्र में सेल्स आफिसर में 40 पद एवं एरिया सेल्स मैनेजर में 6 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता के पात्र/अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता)अधिनियम, 2006 एवं नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता के पात्र/अपात्र सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 13 अक्टूबर 2022 सायं 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में प्रस्तुत कर सकते है।

### अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई एग्री कार्नीवाल का आयोजन 14 से

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई ''एग्री कार्नीवाल 2022'' का आयोजन 14 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्नीवाल के दौरान 16 अक्टूबर को आयोजित वृहद कृषक सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे एग्री कार्नीवाल में अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कृषि संस्थानों के निदेशकों, कृषि वैज्ञानिकों विभिन्न कृषि उत्पाद निर्माता कम्पनियों के वरिष्ठ अधिकारियों, स्टार्टअप्स उद्यमियों एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक शामिल होंगे। इस अवसर पर एक वृहद अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मेले सह प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। एग्री कार्नीवाल के दौरान प्रत्येक दिन कृषकों, छात्रों एवं आम नागरिकों के लिए विश्वविद्यालय के अनुसंधान प्रक्षेत्र में उगाई जा रही फसलों एवं कृषि प्रदर्शनी का भ्रमण आयोजित किया जाएगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा राज्य शासन के कृषि विभाग, छत्तीसगढ़ बायोटेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी, अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस, नाबार्ड, कंसल्टेटिव ग्रुप ऑफ इन्टरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), एनएबीएल तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किए जा रहे अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई ''एग्री कार्नीवाल 2022'' का उद्घाटन समारोह 14 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे करेंगे। एग्री कार्नीवाल का समापन समारोह 18 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल अनुसुईया उइके होंगी।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक-ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशने, भाईचारा एवं सद्भभावना के लिए अनुकूल माहौल बनाने विविध खेलों का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप इन दिनों पूरे प्रदेश भर में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के माध्यम से विविध खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों के माध्यम से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तराशने के साथ साथ ग्रामीण जनजीवन की सहजता, निश्छलता, सद्भावना और आपसी भाईचारा के बेदाग रिश्तों को रेखांकित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय एवं पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा मे सरकार ने नई पहल की है। इस ओलम्पिक की खास विशेषता यह है कि इसमें बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग सभी बतौर प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।





जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य ने बताया कि मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप पूरे जिले के सभी विकासखण्डों में 6 अक्टूबर से सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में राजीव मितान क्लब के तत्वावधान में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में सारंगढ़ विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय चंवरपुर में सरपंच शिवदास मानिकपुरी की अध्यक्षता में छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया गया। सरपंच शिवदास ने बच्चों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस ओलम्पिक खेल से गांव-गांव में विभिन्न खेलों के प्रति रुझान बढ़ेगा और गांव की खेल प्रतिभा निकल कर सामने आएगी। राजीव मितान क्लब के अध्यक्ष आकाश ने कहा कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत गांव के बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों को भी बिना किसी भेदभाव के खेल खेलने का मौका मिलेगा। सचिव त्रिलोचन जायसवाल ने शासन की इस कदम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने और बेहतर प्रदर्शन करने का आग्रह किया। निर्णायक ध्रुवकुमार महन्त ने प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के नियम एवं खेलने की तरीको को बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को तराशने के साथ-साथ उत्साह, उमंग, स्वाभिमान, अस्मिता और नई ऊर्जा के साथ आगे बढऩे का नया दौर शुरू होगा। इस ओलम्पिक के अंतर्गत खो-खो, कबडडी, गिल्ली-डंडा, गेड़ी, कंचा, बिलल्स, फुगड़ी, सौ मीटर दौड़ आदि जैसे पारम्परिक खेलों को खेला जाता है। गांव के बच्चों से लेकर विभिन्न आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने सहभागिता कर अपनी बचपन के दिनों को ताजा किये।

छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के अंतर्गत विविध खेलों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर सहभागिता करते हुए अपने-अपने खेल कौशलों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जोन स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। फुगड़ी में आसमती बरिहा, सावित्री खडिय़ा, सौ मीटर दौड़ में बोटलाल खडिय़ा, मनोज यादव, फुगड़ी 18 वर्ष से कम अंतर्गत प्रियंका खडिय़ा, ऋतु खडिय़ा, भंवरा में सूरज मानिकपुरी, सूरज मैत्री, अंजली मुंडा, गेड़ी दौड़ में हेमसागर खडिय़ा, छोटेलाल खडिय़ा, रस्साकशी में हेमसागर, भरत चौहान, छोटेलाल आदि ने अपने अपने विधा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जोन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। कार्यक्रम के अंत में राजीव मितान क्लब और पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम, द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# पटेलपाली पेट्रोल पम्प के पास डस्ट खाली कर रही हाईवा में लगी आग

- जूटमिल पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम पहुंची मौके पर, आग पर पाया गया काबू
- 11000 केवी विद्युत तार से हाइवा का डाला संपर्क आने पर लगी आग



**रायगढ़।** दिनांक 11.10.2022 के दोपहर सायबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल को सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर पटेलपाली पेट्रोल पंप के पास एक हाईवा में आग लग जाने की सूचना मिला, चौकी प्रभारी द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना देकर अपने चौकी की पेट्रोलिंग को तत्काल मौके पर पहुंचने निर्देशित किये। जूटमिल पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम के जवान कुछ घंटों की कड़ी मशकत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया जिससे आवाजाही फिर से सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया। हाईवा वाहन डस्ट खाली करते समय सड़क किनारे खम्भे से होकर जा रहे 11,000 केवी विद्युत तार के संपर्क में आ जाने से वाहन में आग लग गया था, दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुआ है।

# जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी जारी है ऑनलाइन मॉनिटरिंग व विद्यालयों का सघन निरीक्षण

- समय पर अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**रायगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के विद्यालयों की अकादमिक व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी ऑनलाइन मॉनिटरिंग व विद्यालयों के सतत सघन निरीक्षण की व्यवस्था जारी है। उल्लेखनीय है कि विगत माह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले में प्रवास के दौरान दिए गए निर्देश व शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन के अनुक्रम में रायगढ़ जिले के विद्यालयों की अकादमिक व्यवस्था में कसावट लाने, विद्यालयों का सघन निरीक्षण व शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी ऑनलाइन मॉनिटरिंग जारी है और अनुपस्थित शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य ने बताया कि रायगढ़ जिले के विभिन्न विकास खंडों के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी ऑनलाइन मॉनिटरिंग स्कूल निरीक्षण प्रतिवेदन 10 अक्टूबर 2022 के अनुसार जिले के विभिन्न विकास खंडों के विद्यालयों में संस्था प्रमुख सहित कुल शिक्षकों की दर्ज संख्या अनुसार, उपस्थित शिक्षक संख्या व अवकाश में रहे शिक्षकों की संख्या के अतिरिक्त कुल 5 कर्मचारी ऐसे रहे, जो समय पर अनुपस्थित थे, जिन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिनमें कुमारी नीलावती मिंज व्यायाम शिक्षक, शासकीय हायर सेकेंडरी झगरपुर विकासखंड लैलूंगा, लोकेश राज सहायक ग्रेड-3 शासकीय हायर सेकेंडरी कन्या लैलूंगा, माया सिंह व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल बजरमुड़ा विकासखंड तमनार, परमानंद परजा भृत्य शासकीय हाई स्कूल कुंजेमुरा विकासखंड तमनार, रामायण बिरहौर भृत्य शासकीय हायर सेकेंडरी तुरेकेला विकासखंड खरसिया शामिल है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में स्कूल की अकादमिक व्यवस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश हैं। इसी अनुक्रम में अकादमी व्यवस्था में कसावट लाने जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति संबंधी ऑनलाइन मॉनिटरिंग व विद्यालयों की सतत सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। यह कोशिश शिक्षा की गुणवत्ता की सुधार की दिशा में है जिससे शिक्षा के स्तर में उत्तरोत्तर सुधार हो सके। जिले के सभी शिक्षकों से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में समय पर उपस्थित हों और नियमित रूप से अपना अध्यापन कार्य कराएं जिससे शिक्षा के स्तर में उत्तरोत्तर सुधार हो सके।

# डाक सप्ताह : केन्द्रीय विद्यालय में हुआ फिलाटेली प्रतियोगिता का आयोजन



**रायगढ़।** भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डाक सप्ताह 9 से 13 अक्टूबर 2022 तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज फिलाटेली डे : सेलिब्रेशन ऑफ आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय रायगढ़ में फिलाटेली प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता सर्वश्री पंकज पटेल, प्रवीण बंसल, विकास मेहर, दामोदर साहू एवं केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बच्चों को डाकघर में होने वाले विभिन्न कार्यो और योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान दी गई। जिसमे ओपी जिंदल स्कूल के प्रशांत भोय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से ओपी जिंदल स्कूल के अभय कुमार नामदेव एवं हिमांशु पटेल रहे तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ के रिशित प्रज्ञा प्रधान एवं ओपी जिंदल स्कूल की श्रेया प्रधान रही। कार्मेल स्कूल में कृष्णा अग्रवाल एवं महर्षि विद्या मंदिर में प्रवीण देहेरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

फिलाटेली प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय रायगढ़ से संस्कृति साहू, शुभांगी साहू, बी वर्षा, शिनी ओझा, रिशित प्रज्ञा प्रधान, कार्मेल स्कूल रायगढ़ से जिनेश सेठिया, आर्यन देवांगन, अभिषेक बंसल, कान्हाजी मित्तल, रक्षित चौबे, मोंटेर सिंह विर्दी, अंश अग्रवाल, अर्श कुमार मोदी, रिद्धंत, कुनाल दास महंत, अक्षरा शर्मा, मौवा यशश्विनी, दिव्या अग्रवाल, अन्या शेख, पलक निगानिया, करिश्मा अग्रवाल, यशस्वी महाले, नैना अग्रवाल, श्रेया यादव, त्रिशा गोयल, ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल रायगढ़ के आयुष्मान स्वेन, सत्यम प्रजापत, प्रमित भोय, हिमांशु पटेल, बग्मिश्री बेहेरा, हर्षिता महतो, रेणुका पटेल, प्राची पाण्डेय, शोनाली प्रधान, अन्या सिंह, अभय कुमार नामदेव, राजेश मालाकार, श्रेया प्रधान, शुशील कुमार, रामेश्वर पटेल और महर्षि विद्या मंदिर रायगढ़ के प्रवीण देहेरी, भवानी शंकर साहू, हर्ष गुप्ता, योग्यता सिंह, राजनंदिनी दास, राखी निषाद, राजवीर सिंह, निबेदिता प्रधान, जय तालुकदार, यश प्रधान, पवन भोय, प्रत्युष सुदर्शन सत्पथी, अमन द्विवेदी, परमजीत सिदार एवं उत्सव मिश्रा शामिल हुए।

# मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

- विकासखण्डों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को किया गया सम्मानित

**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रायगढ़ में मनाया गया। जिसमें नोडल अधिकारी पी.सी. पी.एन.डी.टी. एक्ट (जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, रायगढ़), शहरी कार्यक्रम प्रबंधक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रायगढ़), बीएससी नर्सिंग कॉलेज की प्राध्यापिकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।



नोडल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बालिका सम्मान के प्रति दुनिया को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। अतंर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिला के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता लाना है। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लिंग आधारित चुनौतियों को समाप्त करता है। जैसे-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला उत्पीडऩ, समान पोषण, विवाह, मानव एवं कानूनी अधिकार इत्यादि शामिल है। जनसुमदाय में जागरूकता लाने हेतु रायगढ़ जिले के समस्त विकासखण्डों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली बालिकाओं एवं बालिकाओं के माता-पिता को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 36वें नेशनल गेम्स: छत्तीसगढ़ ने सॉफ्टबॉल में जीते दो पदक

- पुरुष वर्ग की टीम को मिला रजत पदक
- महिला वर्ग की टीम ने जीता कांस्य पदक



**रायपुर (आरएनएस)।** 36 वे नेशनल गेम में आज छत्तीसगढ़ को दो पदक मिले हैं। पुरूष सॉफ्टबाल टीम को रजत और महिला सॉफ्टबाल टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल ने दोनों टीमों के खिलाडिय़ों को इस सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की टीम अब तक 2 गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 कांस्य पदक जीते हैं।

छत्तीसगढ़ महिला सॉफ्टबाल टीम का मुकाबला आज सेमीफाइनल में केरल के साथ हुआ। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम केरल की टीम के 2-1 से पीछे रह गई और टीम को कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। गौरतलब है कि सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में महिला वर्ग की टीम को पहली बार पदक प्राप्त हुआ है। इससे पहले महिला वर्ग की टीम एक बार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रह चुकी है।

फाइनल मैच में आज पुरुष वर्ग सॉफ्टबाल टीम का मुकाबला छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के बीच हुआ। तीसरी इनिंग तक दोनों टीम बराबरी पर थी। चौथे इनिंग में महाराष्ट्र एक रन से आगे हो गई। पांचवी इनिंग में छत्तीसगढ़ की टीम कोई रन नहीं बना सकी और इस प्रकार महाराष्ट्र ने यह फाइनल मैच 1-0 से जीत लिया। फाइनल मैच में उपविजेता होने के कारण छत्तीसगढ़ को रजत पदक प्राप्त हुआ।

# ओपी जिंदल स्कूल में सायबर अवेयरनेस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- नगर पुलिस अधीक्षक ने छात्र, छात्राओं को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

**रायगढ़।** एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर जिले में ''साइबर जागरूकता दिवस'' के क्रम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 11.10.2022 को सायबर सेल द्वारा ओ.पी.जिंदल स्कुल, पतरापाली में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल एसआई के.के. पटेल, थाना प्रभारी कोतरारोड़ एसआई गिरधारी साव के साथ सायबर सेल एवं महिला रक्षा टीम के स्टाफ उपस्थित थे।



कार्यक्रम में अतिथि वक्ता सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय छात्रों को मॉटिवेट करते हुए अपने छात्र जीवन से परिचय कराए और जिंदल स्कूल में बिताये पलों को साझा किये। सीएसपी अभिनव उपाध्याय छात्रों को वर्तमान में मोबाइल से बढ़ते साइबर क्राईम को विस्तार से बताते हुए बताये कि सायबर आरोपियों द्वारा ठगी के लिये किस प्रकार से नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को आर्थिक और मानसिक क्षति पहुंचाते हैं । उन्होंने व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मोबाइल व इंटरनेट में उपयोग दौरान छात्रों सावधानी बरतने को कहा गया तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अंजान लोगों के फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने तथा फोटो/विडियो शेयर से बचने की हिदायत दिये। उन्होंने मोबाइल गेम्स के दुष्परिणाम बताते हुए कुछ एक उदाहरण देकर ऐसे गेम से बच्चों के हिंसक होने की घटनाएं बताएं और ऐसे गेम से दूर रहने की सलाह दिए।

सायबर सेल प्रभारी एसआई के.के. पटेल द्वारा छात्राओं से कहा गया कि स्कुल या सार्वजनिक स्थान पर किसी व्यक्ति के छींटाकशी, उल्टे-सीधे कमेंट्स को नजर अंदाज न करें , अपने टीचर्स, परेंट्स को बताये। पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन डॉयल 112 पर कॉल कर मदद लेंवे। सायबर सेल प्रभारी बताये कि किस प्रकार सायबर ठग केवाईसी, आधार कार्ड, पेन कार्ड, लॉटरी, गिफ्ट व्हाचर आदि के नाम पर फैक कॉल कर बैंक खाता, ATM नम्बर की जानकारी लेते हैं या कोई एप्स मोबाइल पर डाउनलोड कराकर लोगों के रूपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं, इनसे सचेत रहें और अपने परिवारवालों को भी ऐसे फैक कॉल से सचेत रहने बताने कहा गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480